# गांव-ढाणी तक मिल रहा गुणवत्तापूर्ण इलाज : सी.एम. भजनलाल शर्मा

## चिकित्सा और स्वास्थ्य पर बजट पूर्व चर्चा हुई

- मुख्यमंत्री ने कहा बजट पूर्व संवाद का उद्देश्य यही है कि इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के सुझावों से एक ऐसा बजट बने, जिससे प्रदेश की 8 करोड़ से अधिक जनता को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं मिलें
- अब तक 37 लाख मरीजों को 7 हजार 300 करोड़ रुपये का कैशलेस इलाज उपलब्ध करवाया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा और संवेदना से जुड़ा क्षेत्र है। विगत दो वर्षों में राज्य सरकार ने अपने बजट में स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

आगे भी स्वास्थ्य के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाया है। इससे गांव-ढाणी तक प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण नि:शुल्क उपचार मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि बजट पूर्व संवाद का उद्देश्य यही है कि इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के सुझावों से एक ऐसा बजट बने, जिससे प्रदेश की 8 करोड़ से अधिक जनता को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं मिलें और राजस्थान स्वास्थ्य में सिरमौर बने। शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शास्त्रों के अनुसार 'पहला सुख निरोगी काया' अर्थात् स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ा सुख होता है। इसी अवधारणा के साथ प्रदेश में लागू की गई मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना अब पूरे देश के लिए मिसाल बन गई है।

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत अब तक 37 लाख मरीजों को 7 हजार 300 करोड़ रुपये का कैशलेस इलाज उपलब्ध करवाया गया है। इसी तरह, मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना के तहत औषधियां, सर्जिकल एवं सूचर्स उपलब्ध करवाने में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है। जिला चिकित्सालयों में बुजुर्गों के लिए रामाश्रय वार्ड खोले हैं, जहां उन्हें सम्मान के साथ स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं।शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे रही है ताकि प्रदेश को प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 7 नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं और 15 नवीन मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि निचले स्तर तक चिकित्सा सेवाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। विगत दो वर्षों में 7 उप जिला अस्पताल, 2 सैटेलाइट अस्पताल, 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित कुल 14 संस्थानों का जिला चिकित्सालयों में क्रमोन्नयन तथा 7 नवीन सैटेलाइट अस्पतालों की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि 129 उप स्वास्थ्य केंद्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में क्रमोन्नयन किया है। करीब 8 हजार 700 चिकित्सा संस्थानों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में परिवर्तित किया गया एवं 412 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित किए गए।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय अखिल अरोरा, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारी एवं आईएलबीएस हॉस्पिटल, नारायणा हरदयाल ग्रुप, महावीर विकलांग सेवा समिति, इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन, यूनीसेफ, महात्मा गांधी हॉस्पिटल, आईएमए राजस्थान, एसएमएस मेडिकल कॉलेज एवं आरयूएचएस के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न चिकित्सा एवं स्वास्थ्य से जुड़े संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# पंचायतों के पुनर्गठन को लेकर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

- हाईकोर्ट ने प्रदेश में पंचायतों के पुनर्गठन से जुड़े मामलों को लेकर राज्य सरकार से 19 जनवरी तक जवाब देने के लिए कहा

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश में पंचायतों के पुनर्गठन से जुड़े मामलों को लेकर राज्य सरकार से 19 जनवरी तक जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस इंद्रजीत सिंह व जस्टिस रवि चिरानिया की खंडपीठ ने यह आदेश मुन्नालाल शर्मा सहित अन्य की याचिकाओं पर संयुक्त रूप से सुनवाई करते हुए दिए।

पंचायत पुनर्गठन से संबंधित संशोधित अधिसूचनाओं को चुनौती दी गई है। याचिकाओं में कहा कि पुनर्गठन की प्रक्रिया में नियमों व दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया है और इससे स्थानीय नागरिकों व पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों की अवहेलना हुई है। ऐसे में पंचायतों की सीमाओं में किए गए बदलावों से प्रशासनिक असुविधा होगी और आमजन को मूलभूत सुविधाओं तक पहुंचने में परेशानी का सामना करना पडेगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हनुमान चौधरी, लक्ष्मीकांत मालपुरा और प्रदीप कलवानिया ने अदालत को बताया कि पंचायत पुनर्गठन की प्रक्रिया में जनसुनवाई और आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया की अनदेखी कर संशोधित अधिसूचनाएं जल्दबाजी में जारी की हैं। इससे प्रभावित इलाके के आमजन को उनकी आपत्तियां दर्ज कराने का मौका ही नहीं मिला।

वहीं राज्य की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता कपिल प्रकाश माथुर ने पक्ष रखते हुए कहा कि पंचायतों का पुनर्गठन विधि अनुसार किया गया है। इसका उद्देश्य प्रशासनिक दक्षता बढ़ाना व स्थानीय शासन को ज्यादा प्रभावी बनाना है। इसलिए याचिकाओं को खारिज किया जाए।

# मुख्य सचिव ने किया रोजगार एवं उद्यिमता विभाग के हितधारकों से संवाद

- मुख्य सचिव ने आईटीआई अधिकारियों को अपने-अपने संस्थानों में संचालित ट्रेड्स तथा प्रस्तावित नए ट्रेड्स की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए

**जयपुर।** राजस्थान में प्रधानमंत्री स्किलिंग और रोज़गार ट्रांसफॉर्मेशन (पीएम सेतु) के पायलट प्रोजेक्ट का इम्प्लीमेंटेशन किया जाएगा इसके पहले चरण में प्रोजेक्ट को भिवाड़ी, बालोतरा, भरतपुर, कोटा, बीकानेर, जोधपुर, बांसवाड़ा जिले को लेने की मंज़ूरी दी हैं।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के बेहतर शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

इसी दिशा में सरकार द्वारा समयबद्ध एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करते हुए सरकारी क्षेत्र में 4 लाख तथा निजी क्षेत्र में 6 लाख सहित कुल 10 लाख रोजगार सृजित करने के संकल्प पर निरंतर कार्य किया जा रहा है।

मुख्य सचिव शुक्रवार को शासन सचिवालय में उद्योग-आईटीआई के बेहतर समन्वय, संस्थान प्रबंधन समितियों एवं आईटीआई के सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएम सेतु हेतू पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश के अधिक से अधिक आईटीआई को उद्योगों से जोड़ा जाए, जिससे विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ उद्योगों की व्यावहारिक समझ भी प्राप्त हो सकें।

उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए अन्य राज्यों के नवाचारों एवं श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को अपनाया जाए तथा प्रदेश के आईटीआई को 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस प्रयास किए जाएं। इस अवसर पर उन्होंने झालावाड़ आईटीआई को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए अन्य आईटीआई को भी इसी प्रकार कार्य कर शिक्षा के स्तर में निरंतर सुधार लाने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य सचिव ने संस्थान प्रबंधन समितियों को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े आईटीआई अधिकारियों को अपने-अपने संस्थानों में संचालित ट्रेड्स तथा प्रस्तावित नए ट्रेड्स की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही, सभी आईटीआई के दीक्षांत समारोह की जानकारी साझा कर उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी प्रसारित करने के निर्देश दिए।

बैठक में संदीप वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव कौशल, रोजगार एवं उद्यिमता विभाग , पी. रमेश शासन सचिव श्रम विभाग,टीना सोनी शासन सचिव वित्त (व्यय) विभाग, ऋषभ मंडल, आयुक्त कौशल, रोजगार एवं उद्यिमता विभाग, सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं प्रदेश के विभिन्न जिलों के आईटीआई प्राचार्य एवं अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

# सुरेन्द्र सिंह शाहपुरा एफएचटीआर के अध्यक्ष बने



**जयपुर।** फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज़्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) की वार्षिक आम सभा का 8 जनवरी को जयपुर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर सर्वसम्मति से नई प्रबंधन समिति का निर्वाचन किया गया, जिससे संगठन में एक नए नेतृत्व काल का शुभारंभ हुआ। एफएचटीआर के अध्यक्ष पद हेतु सुरेन्द्र सिंह शाहपुरा का निर्वाचन किया गया, जबकि तरुण कुमार बंसल को महासचिव चुना गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तथा संयुक्त सचिव हेमन्त मित्तल को नियुक्त किया गया है। अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह शाहपुरा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नई समिति राजस्थान के पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र को नवाचार, समन्वय तथा प्रभावी प्रतिनिधित्व के माध्यम से और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** सांगानेर थाना इलाके में एक रिश्तेदार ने रिश्तों को तार-तार करते हुए नाबालिग से दुष्कर्म किया और घटना का वीड़ियों बना लिया। जिसके बाद आरोपी रिश्तेदार आए दिन उसे ब्लेंकमेंल कर अलग-अलग जगहों पर ले जाकर दुष्कर्म करने लगा। धमकियों से परेशान होकर पीड़िता ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी, तो परिजनों ने लोकलाज के भय चुपी सांधी ओर पीड़िता की संगाई करवा दी। आरोपी रिश्तेदार ने पीड़िता के ससुराल जाकर उन्हे अश्लील वीड़ियों क्लिपिंग दिखाते हुए संगाई तुड़वा दी। जिसके बाद परिजनों के सब्र का बांध टूट गया और उन्होने नाबालिग को थाने ले जाकर आरोपी रिश्तेदार के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

पुलिस ने बताया की थाना इलाके में रहने वाली 17 वर्षीय नाबालिग ने मामला दर्ज कराया है कि रिश्तेदार होने के कारण आरोपी से बातचीत और मिलना जुलना था।डरा-धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया।

# जन स्वास्थ्य विभाग का अधीक्षण अभियंता आईफोन की रिश्वत लेते पकड़ा गया

- बिल पास करने और परेशान न करने की एवज में 84 हजार रुपए कीमत का आईफोन एक्सआर मोबाइल रिश्वत के रूप में लिया
- झालावाड़ टीम को 5 जनवरी 2026 को एक ठेकेदार ने शिकायत दी थी। परिवादी ने बताया कि वह पीएचईडी खंड झालावाड़ में हैंडपंप रिपेयर,पाइपलाइन लीकेज सुधार और लैंड संपर्क से जुड़े कार्य कर रहा है।

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) में रिश्वतखोरी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश करते हुए झालावाड़ के अधीक्षण अभियंता (एसई) विष्णु चंद गोयल को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी अधिकारी ने परिवादी से बकाया बिल पास करने और परेशान न करने की एवज में 84 हजार रुपए कीमत का आईफोन एक्सआर मोबाइल रिश्वत के रूप में लिया।

एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि झालावाड़ टीम को 5 जनवरी 2026 को एक ठेकेदार ने शिकायत दी थी। परिवादी ने बताया कि वह पीएचईडी खंड झालावाड़ में हैंडपंप रिपेयर,पाइपलाइन लीकेज सुधार और लैंड संपर्क से जुड़े कार्य कर रहा है। पूर्व में रजिस्ट्रेशन के नाम पर उससे 25 हजार रुपए वसूले जा चुके हैं। इसके बाद उसे व उसके पार्टनर को बार-बार परेशान कर काम से हटाने और डिबार करने की धमकियां दी जा रही थीं।

परिवादी के अनुसार अगस्त माह से उससे आईफोन मोबाइल की मांग की जा रही थी। लेबर बिल को फर्जी बताकर भुगतान रोक दिया गया और त्योहारों पर 'कुछ नहीं देने' की बात कहकर दबाव बनाया गया। इस पर जब परिवादी अधीक्षण अभियंता विष्णु चंद गोयल से मिला तो उन्होंने बकाया बिल पास करने और भविष्य में परेशान न करने की एवज में आईफोन 16 प्रो मोबाइल की मांग की, जिसकी कीमत करीब 1.30 से 1.50 लाख रुपए बताई गई।

शिकायत के आधार पर 7 जनवरी 2026 को रिश्वत मांग का गोपनीय सत्यापन कराया गया, जिसमें मोबाइल फोन की रिश्वत मांग की पुष्टि हुई। इसके बाद 9 जनवरी को एसीबी कोटा रेंज के उप महानिरीक्षक आनंद शर्मा के सुपरविजन और एसीबी झालावाड़ चौकी की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रेरणा शेखावत के निर्देशन में ट्रैप कार्रवाई की गई।

ट्रैप के दौरान पुलिस निरीक्षक साजिद खान के नेतृत्व में टीम ने आरोपी अधीक्षण अभियंता (एसई) विष्णु चंद गोयल को परिवादी से आईफोन एक्सआर मोबाइल लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। मोबाइल का बिल आरोपी के कहने पर उसी के नाम से बनवाया गया था।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ और उसके आवास की तलाशी की कार्रवाई जारी है।


## कार्यालय नगर निगम, भरतपुर

क्रमांक/शहरी सेवा शिविर/न.नि.भ./2025-26/ दिनांक :-

### आपत्ति सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम भरतपुर शहरी क्षेत्र में निम्न आवेदकों द्वारा स्टेट ग्रान्ट एक्ट/नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 69ए के तहत कच्ची बस्ती/स्टेट ग्रान्ट का पट्टा चाहने हेतु ऑनलाइन आवेदन कर पत्रावलियाँ प्राप्त हुई हैं। यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मय साक्ष्य प्रस्तुत करें। बाद अवधि के किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा बाद समस्त जाँच के आवेदक को स्टेट ग्रान्ट एक्ट/नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 69ए के तहत्/कच्ची बस्ती के तहत पट्टा जारी किये जाने की अग्रिम कार्यवाही कर दी जावेगी।

| क्र. स. | ऑनलाईन पत्रावली सं. | आवेदक का नाम | पति/पत्नि का नाम | वार्ड नं. | भूखण्ड जहां स्थित है | आवेदन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 331099 | रामकुमार वर्मा | नारायण दास | 22 | बीनारायण गेट धीमर मौहल्ला भरतपुर | 69-ए |
| 2 | 331982 | कुसुमलता | उमेश चन्द | 26 | नमक कटरा भरतपुर | 69-ए |
| 3 | 333319 | हिमांषू गोयल | दया चन्द गोयल | 39 | व्यावसायिक - गंगा मदिर सेढ का मढ, भरतपुर | 69-ए |
| 4 | 304065 | विजय गर्ग | राधेश्याम गर्ग | 26 | चांदपोल गेट के पास भरतपुर | 69-ए |
| 5 | 329195 | इन्द्र सिंह | रामस्वरूप | 30 | हेतराम कोलोनी गुलालकुण्ड भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 6 | 334148 | मंजू देवी | गुलजार सिंह | 9 | चौधरी मौ0 सेवर | स्टेट ग्रान्ट |
| 7 | 331214 | मधु सिंह | उमेश कुमार गुर्जर | 21 | नीमदा गेट, भरतपुर | 69-ए |
| 8 | 309857 | मदनलाल | खेमचन्द | 59 | नगला दिगम्बर रणजीत नगर भरतपुर | 69-ए |
| 9 | 214627 | देवकुमार तिवारी<br>प्रताप सिंह<br>अंकुर जैन<br>रितिक जैन | रमेश चन्द<br>निर्भय सिंह<br>राकेष कुमार जैन<br>विजय जैन | 25 | एलोरा पेट्रोल पम्प के पीछे, कुम्हेर गेट भरतपुर | 69-ए |
| 10 | 214621 | मोहनलाल बंसल | डालचन्द | 25 | एलोरा पेट्रोल पम्प के पीछे, कुम्हेर गेट भरतपुर | 69-ए |
| 11 | 274188 | कुसुमलता | हुकमचन्द शर्मा | 49 | नगला चांदमारी भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 12 | 296087 | मोहन दास | सुखराम दास | 13 | बरसो का नगला, भरतपुर | 69-ए |
| 13 | 309268 | इन्दर सिंह | दीपाराम | 40 | मोरी मौहल्ला भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 14 | 309268 | जितेन्द्र गुप्ता | स्व. राधावल्लभ गुप्ता | 34 | वाणिज्यिक चौबुर्जा बाजार भरतपुर | 69-ए |
| 15 | 315312 | रामप्रसाद | गजेन्द्र | 10 | सिंगीवाला मौहल्ला सेवर भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 16 | 315320 | भीतल | बिखारी | 10 | सिंगीवाला मौहल्ला सेवर भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 17 | 315336 | ओमवती | विनोद | 10 | सिंगीवाला मौहल्ला सेवर भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 18 | 315343 | ओमवती | विनोद | 10 | सिंगीवाला मौहल्ला सेवर भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 19 | 315354 | विनोद | उज्जवल | 10 | सिंगीवाला मौहल्ला सेवर भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 20 | 315753 | ललिता देवी | पूरन सिंह | 30 | आरबीएम के सामने सैनी मौहल्ला भरतपुर | 69-ए |
| 21 | 330932 | ज्योति | महेन्द्र सिंह | 44 | नगला दिगम्बर रणजीत नगर भरतपुर | 69-ए |
| 22 | 334618 | इन्द्रा अग्रवाल | विनोद कुमार अग्रवाल | 24 | कामसेन धर्मशाला के पास गुदडी मौहल्ला कोतवाली रोड भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 23 | 324151 | लोकेश गोयल | टीकम चन्द गोयल | 41 | बुद्ध की हाट, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 24 | 314531 | जितेन्द्र गुप्ता | राधावल्लभ गुप्ता | 34 | वाणिज्यिक - चौबुर्जा बाजार, भरतपुर | 69-ए |
| 25 | 314765 | साधना जैन | सुरेश आर्य | 40 | मोरी चार बाग, भरतपुर | 69-ए |
| 26 | 314799 | साधना जैन | सुरेष आर्य | 40 | मोरी चार बाग, भरतपुर | 69-ए |
| 27 | 314825 | प्रेम कुमार जैन | श्यामलाल जैन | 29 | मौहल्ला गोपालगढ सेढ का मढ, भरतपुर | 69-ए |
| 28 | 331969 | सुनील | कमल कुमार | 46 | वाणिज्यिक नियर बिजलीघर चौराहा भरतपुर | 69-ए |
| 29 | 326704 | हनीफ | सद्दन | | गोपालगढ मस्जिद के पास नालबंद गली भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 30 | 329039 | पदमसिंह | भदीराम | 15 | नगला हीरादास भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 31 | 329047 | मनीश कुमार | पप्पूराम | 32 | गुलालकुण्ड मथुरा दरवाजा बाहर भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 32 | 329195 | इन्दर सिंह | रामस्वरूप | 30 | गुलालकुण्ड हेतराम कोलोनी, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 33 | 329447 | दीपचन्द | घन्टोली | 15 | नगला हीरादास, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 34 | 330515 | शिव भजनेष्वर मंदिर द्वारा भगत सिंह व खुषियाल सिंह | पुत्रान भजन सिंह | 50 | पक्का बाग भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 35 | 330995 | नन्दलाल | भोंदूराम | 52 | नगला लोधा रोड संजय नगर भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 36 | 331030 | महेन्द्र सिंह | किशन लाल | 59 | नगला दिगम्बर रणजीत नगर भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 37 | 331071 | पिंकी कौर<br>जसमीर कौर | पुत्री जवाहर सिंह | 25 | कमला रोड, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 38 | 331478 | महेन्द्र सिंह वर्मा<br>शशिकिरन सोनी | मन्टुराराम वर्मा<br>नरेन्द्र कुमार | 38 | दही वाली गली, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 39 | 331493 | ज्योति | महेन्द्र सिंह | 59 | नगला दिगम्बर डी ब्लॉक रणजीत नगर भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 40 | 331543 | मुकेश कुमार<br>पुष्पा | पुत्र पूरन<br>पुत्री दिनेश कुमार | 59 | नगला दिगम्बर डी ब्लॉक रणजीत नगर भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 41 | 331661 | ताराचन्द | पचूराम | 59 | नगला दिगम्बर डी ब्लॉक रणजीत नगर भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 42 | 331693 | कृष्णमोहन | स्व. ओमप्रकाष | 46 | नवगृह कुण्डा के पास, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 43 | 331763 | हर प्रसाद | रामजीलाल | 30 | बघेल मौहल्ला गुलालकुण्ड भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 44 | 331944 | पुष्पराज | दलवीर सिंह | 46 | नगला गोपाल भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 45 | 331948 | मनीश कुमार | दीवान सिंह | 46 | नगला गोपाल भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 46 | 332380 | मुकेश कुमार | मिठ्ठू | 18 | हरिजन बस्ती अनाह गेट भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 47 | 332622 | सुआ देवी | कुन्दन | 50 | पक्का बाग, अछनेरा रोड, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 48 | 332649 | कुन्दन सिंह | गिर्राज | 50 | पक्का बाग, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 49 | 332900 | आरती मीना | मधुवन सिंह | 50 | पक्का बाग, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 50 | 333103 | विकास जिन्दल | दिलीप जिन्दल | 25 | कमला रोड, कुम्हेर गेट, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 51 | 333330 | रामकुमार | गोपाल प्रसाद | 20 | कटपुतली मंदिर के पीछे, गोपालगढ भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 52 | 333477 | सुनीता देवी | विक्रम सिंह | 41 | बीनारायण गेट बुद्ध की हाट, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 53 | 333514 | गुरमुख सिंह<br>राजेशा सिंह<br>अमर सिंह<br>साधुसिंह | ठाकुर सिंह | 32 | गोल बाग रोड, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 54 | 333557 | बृजभान सिंह<br>सुनीता सिंह | उदय भान सिंह<br>शिव कुमार | 21 | थाऊजी की हवेली अटलबन्द भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 55 | 333769 | राम बाबू त्यागी | किशन लाल | 59 | नगला दिगम्बर रणजीत नगर भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 56 | 333907 | प्रदीप कुमार | रघुवीर सिंह नागर | 36 | खिरनी घाट ब्राम्हण धर्मशाला के पास, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 57 | 333985 | लोकेश कुमार | रामबाबू | 59 | नगला दिगम्बर रणजीत नगर भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 58 | 334022 | नटवर सिंह | यदुराज सिंह | 10 | सेवर | स्टेट ग्रान्ट |
| 59 | 334148 | मंजू देवी | गुलजार सिंह | 9 | चौधरी मौहल्ला सेवर | स्टेट ग्रान्ट |
| | 330104 | साहिल | सुनील कुमार | 46 | वाणिज्यिक नियर बिजलीघर चौराहा भरतपुर | 69-ए |
| 60 | 334588 | राजकुमारी | स्व. विनोद सोलंकी | 20 | मौहल्ला गोपालगढ भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 61 | 334618 | इन्द्रा अग्रवाल | विनोद कुमार अग्रवाल | 24 | गुदडी मौहल्ला कामसेन धर्मशाला के पास कोतवाली रोड भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 62 | 334740 | कमलेश यादव | केशव दास यादव | 40 | मोरी चार बाग, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 63 | 334745 | प्रभूदयाल | ज्ञानचंद | 34 | दारूकूटा मौहल्ला नवाब गली, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 64 | 334748 | ओम प्रकाष | नारायण | 19 | प्रताप कोलोनी, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 65 | 335006 | सम्मी कौर | सोना सिंह | 22 | अटलबन्द चौकी के पास सरदार मौहल्ला, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 66 | 336190 | रमन लाल | जगदीश प्रसाद शर्मा | 29 | नियर जैन मंदिर मौहल्ला गोपालगढ भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 67 | 336819 | प्रमोद कुमार | रमेश चन्द | 36 | ढकेल वाली गली, वासन गेट, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 68 | 336828 | लक्ष्मी देवी | राजकुमार | 30 | गुलालकुण्ड मथुरा गेट बाहर भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 69 | 336858 | रवि कुमार | डालचन्द | 20 | कोडियान मौहल्ला कोतवाली के पीछे, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 70 | 336863 | तेजसिंह | बिभिचंद | 47 | नगला बरेला, बछामदी, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 71 | 336870 | नवल सिंह | धरम सिंह | 33 | चीमा भवन के पास, मोरी चार बाग, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 72 | 337004 | शारदा अग्रवाल | सुनील कुमार | 40 | मोरी चार बाग, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 73 | 337132 | वीरी सिंह | गोरधन सिंह | 10 | सेवर कलां भरतपुर | 69-ए |
| 74 | 337292 | मंगतू राम | कन्हैया लाल | 22 | धाऊ पायसा, अटलबन्द गेट भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 75 | 337400 | क्षमा अग्रवाल | संजय गुप्ता | 30 | मधु आइस फैक्ट्री के पास दही वाली गली भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 76 | 337536 | वेदवती | जुगल किषोर | 46 | कच्चा बाग, नगला गोपाल भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 77 | 336853 | माधव मित्तल | शिव चरन लाल | 37 | पुरोहित मौहल्ला वासन गेट भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 78 | 336025 | अर्चना गर्ग | राजकुमार | 44 | पाई बाग, सुजान गंगा के पास, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 79 | 335116 | जमुना | मानसिंह | 36 | सूरजपोल गेट हरिजन बस्ती, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 80 | 335108 | हेमन्त सोलंकी<br>देवेश सोलंकी | उदयवीर सिंह<br>प्रदीप सोलंकी | 47 | नगला बरेला, बछामदी, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 81 | 334157 | लोकेन्द्र कुमार | मोहनसिंह | 65 | नगला उपटेला, तुहिया, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 82 | 333420 | नरेश सिंह | मानसिंह | 41 | बुद्ध की हाट, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 83 | 333221 | गणेश चन्द | वासुदेव | 36 | गुलालकुण्ड भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 84 | 333025 | सावित्री देवी | मूलचंद | 32 | पंचमुखी हनुमान के पीछे, मथुरा गेट भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 85 | 330794 | महेश चन्द | मानसिंह | 33 | रसाला मौहल्ला नगर निगम के पीछे भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 86 | 328198 | रवि रानी शर्मा | लक्ष्मी नारायण | | पुराने बिजली घर के सामने, मानसिंह सर्किल भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 87 | 320581 | प्रमोद कुमार गर्ग | रामजीलाल गर्ग | 26 | नियर सुरजीत स्कूल के पास नमक कटरा भरतपुर | 69-ए |
| 88 | 320189 | विनीता खण्डेलवाल | सुधीर खण्डेलवाल | 29 | पुरोहित मौहल्ला भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 89 | 319838 | विरमा देवी | छन्नो मल | | राजेन्द्र नगर भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 90 | 315557 | भगवान सिंह | रामजीलाल | 42 | माली मौहल्ला बीनारायण गेट भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 91 | 315553 | सुनीता देवी | रामसिंह | 50 | पक्का बाग, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 92 | 314320 | कुंवर वीरेन्द्र सिंह | गजपत सिंह | 60 | वाणिज्यिक - नई मण्डी स्टेशन रोड भरतपुर | 69-ए |
| 93 | 314132 | देवेन्द्र कुमार | अर्जुन सिंह | 22 | धाऊ पायसा, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 94 | 312310 | माया कौर | सोनू सिंह | 30 | गुलालकुण्ड हेतराम कोलोनी भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 95 | 312281 | द्रोपती सैनी | संतोश | 50 | पक्का बाग, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 96 | 312156 | संजय | अमरचंद | 59 | नगला दिगम्बर रणजीत नगर भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 97 | 310982 | रूकसाना | शेख मुख्तियार | 27 | मछली मौहल्ला भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 98 | 219625 | इस्लाम | अली मौहम्मद | 32 | मौ0 गोपालगढ मदरसा के पास भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 99 | 123496 | कृष्णकांत | उमेष मोहन | 28 | घस्सो की चक्की के पास, गोपालगढ भरतपुर | 69-ए |

प्राधिकृत अधिकारी
नगर निगम, भरतपुर